2 फरीदाबाद
जेपफ : प्रशासन की नाकामियों के कारण रास्ते दुरुस्त करने सड़क पर उतरे लोग

6 अभिमत
कचरा निस्तारण में सबका सहयोग जरूरी

9 देश/विदेश
वीएसएफ घुसपैठ और तस्करी से देश को बचा रही : नित्यानंद राय

11 कॅरियर
बहुउद्देशीय कर्मी स्वास्थ्य कार्यकर्ता

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, सोमवार, 05 दिसंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



बांग्लादेश ने भारतीय टीम को एक विकेट से हराया

पेज - 12

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**महर्षि** दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक की अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में तीन दिवसीय अन्तर्महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता के प्रथम दिन तीन दिसंबर 2022 को इंडियन राउंड के छात्र वर्ग में अग्रवाल कॉलेज के सौरव ने प्रथम, साहिल ने द्वितीय तथा सचिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं महिला वर्ग में निशा (एसएचएस, भिवानी) ने प्रथम, भूमिका (गवर्मेंट कॉलेज, बल्लभगढ़) ने द्वितीय स्थान तथा पूनम (वीएमएम कॉलेज, रोहतक) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय से सम्बंधित 15 महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने इंडियन राउंड ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 04 दिसंबर 2022 को रिकर्व राउंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रिकर्व राउंड के छात्र वर्ग में राजकीय महाविद्यालय दुजाना के राहुल ने प्रथम, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के विक्की हुड्डा ने द्वितीय तथा अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के सागर शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं सैनी महाविद्यालय रोहतक की निधि ने प्रथम, महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक की निकिता ने द्वितीय स्थान तथा महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक की हेमलता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। जिन खिलाडियों को हार का सामना करना पडा। उन्हें थक कर ना बैठने की सलाह देते हुए और प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। खिलाड़ियों को उत्साहित करने में महाविद्यालय के डीपी नन्द किशोर, डॉ जगवीर सिंह, मोहित हुड्डा व तीरंदाजी कोच लवकेश उपस्थित रहे।